हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 14 सितंबर 2026

04 रूठियाई में लव-कुश जयंती समारोह में भी की सहभागिता, पुष्पवर्षा कर...



07 रिद्धि-सिद्धि और मंगल मूर्ति भगवान गणेश के पर्व की आज से शुरुआत



राघौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

समाचार संक्षेप

16 से 20 सितंबर तक कई स्थानों पर आयोजित होंगे रक्तदान शिविर

गुना। शासन के निर्देशानुसार सेवा संकल्प अभियान 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 26 तक संपूर्ण जिले में संचालित किया जाएगा। जिले में विभिन्न स्थानों पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने जिलेवासियों से इन शिविरों में अधिक से अधिक सहभागिता करते हुए स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिविरों का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कराने तथा कर्मचारियों एवं आमजन को रक्तदान के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 16 सितम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राघौगढ़ में सुबह 10 बजे से रक्तदान शिविर आयोजित होगा। 17 सितम्बर को रेडक्रास भवन गुना में प सुबह 8 बजे एवं जेपी यूनिवर्सिटी राघौगढ़ में प सुबह 10 बजे तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र फतेहगढ़ में सुबह 10 बजे से शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसी प्रकार 18 सितम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आरोन में सुबह 10 बजे तथा तात्या टोपे यूनिवर्सिटी गुना में सुबह 9 बजे से रक्तदान शिविर आयोजित होगा। 19 सितम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र म्याना में सुबह 10 बजे तथा 20 सितम्बर को स्वास्थ्य केन्द्र बीनागंज में सुबह 10 बजे से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा।

जैन मिलन राघौगढ़ ने प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का किया सम्मान



राघौगढ़। जैन मिलन राघौगढ़ द्वारा सिंघई नेमीचंद जैन पारमार्थिक ट्रस्ट के सहयोग से स्व. डॉ. विनोद कुमार जैन की पुण्यस्मृति में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम राघौगढ़ नगर में चातुर्मास कर रहे मुनि श्री श्रमण सागर जी एवं मुनि श्री ओंकार सागर महाराज के पावन सानिध्य में संपन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ आचार्य विद्यासागर जी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। दीप प्रज्वलन भारतीय जैन मिलन के विजय कुमार जैन, जैन समाज अध्यक्ष अशोक कुमार भारिल्य सुभाष चंद्र चौधरी, जितेंद्र कुमार जैन, राजीव कुमार जैन एवं आकाश जैन द्वारा किया गया। अंतिम जैन एवं शिल्पा रावत ने संगीतमय पूजन का वाचन किया। जानकारी के अनुसार यह सम्मान समारोह वर्ष 1997 से निरंतर आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष कक्षा 1 से 5 तक 80 फीसदी और कक्षा 6 से 12 तक 75 फीसदी से अधिक अंक लाने वाले 55 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

अल्टो कार ने बाइक में मारी टक्कर युवक गंभीर रूप से घायल

गुना। जिले के फतेहगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत फतेहगढ़ मस्जिद के सामने गुना रोड पर एक तेज रफ्तार अल्टो कार ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, ग्राम झिरी निवासी फरियादी मुकेश जाटव (30) गत शाम करीब 6 बजे फतेहगढ़ से सामान लेकर अपनी बाइक से गांव लौट रहे थे। तभी सामने से आ रही काले रंग की अल्टो कार क्रमांक आरजे 28-8441 के चालक ने तेजी व लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में मुकेश के दोनों पैरों, हाथ, कंधे, माथे, आंख के पास और कमर में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद आरोपी चालक कार लेकर फरार हो गया। मौके पर मौजूद अमरसिंह जाटव व सुनील भील ने घायल को गुना के सहयोग अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

गुना के राजा का भव्य चल समारोह के साथ नगर आगमन

ढोल-ताशों की गूंज और आतिशबाजी के बीच आज से विराजेंगे गणपति

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



विघ्नहर्ता भगवान श्रीगणेश की आराधना के पावन पर्व गणेशोत्सव की शुरुआत को लेकर शहरभर में उत्साह और उल्लास का माहौल व्याप्त है। घर-घर, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और सार्वजनिक पांडालों में मंगलमूर्ति की स्थापना के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शहर के प्रमुख झांकी स्थलों सहित घरों में प्रतिमाओं को विराजमान कराने का सिलसिला शुरू हो चुका है, जो सोमवार को शुभ मुहूर्त के साथ चरम पर रहेगा। इसी कड़ी में, बोहरा मस्जिद चौराहे पर स्थापित होने वाली प्रसिद्ध विशाल गणेश प्रतिमा 'गुना के राजा' का शनिवार रात अभूतपूर्व और भव्य स्वागत के साथ नगर आगमन हुआ।

कैंट क्षेत्र से प्रारंभ हुआ यह ऐतिहासिक चल समारोह शहर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ देर रात बोहरा मस्जिद स्थित पांडाल स्थल पर पहुंचा। प्रतिमा की आगवानी को अविस्मरणीय बनाने के लिए विशेष रूप से इंदौर से आमंत्रित हनुमंत ध्वज पथक के करीब 50 युवक-युवतियों के दल ने ढोल-ताशों और पारंपरिक धुनों पर ऐसी मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुतियां दीं कि पूरा मार्ग गणपति के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। इसके साथ ही गगनचुंबी आतिशबाजी और नयनाभिराम विद्युत सज्जा चल समारोह के मुख्य आकर्षण रहे। गुना के राजा के दर्शन और भव्य स्वागत के लिए कैंट से लेकर स्टेशन रोड तथा जयस्तंभ चौराहे तक हजारों की संख्या में श्रद्धालु सडक़ों पर उतर आए।

भीड़ का आलम यह था कि सडक़ किनारे खड़े होने की जगह न मिलने पर लोग आसपास की इमारतों की छतों और बाल्कनियों से बप्पा का स्वागत करते नजर आए। जयस्तंभ चौराहे पर अप्रत्याशित भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन को कुछ समय के लिए यातायात मार्ग में परिवर्तन (रूट डायवर्जन) करना पड़ा। लगभग चार घंटे तक चले इस धार्मिक उल्लास के बाद मध्य रात्रि 12 बजे प्रतिमा को पूर्ण विधि-विधान के साथ झांकी स्थल पर पहुंचाया गया। उल्लेखनीय है कि विगत तीन वर्षों से बोहरा मस्जिद चौराहे पर गुना के राजा की विशाल प्रतिमा स्थापित की जा रही है, जिसका चल समारोह हर वर्ष शहर के प्रमुख आकर्षणों में से एक रहता है। सोमवार से प्रारंभ हो रहे।

नगर पालिका की कार्रवाई

दो डेयरियों से 25 किलो अमानक पॉलिथीन जब्त 3500 रुपए का जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता के निर्देश एवं सीएमओ शैलेश अवस्थी के आदेशानुसार नपा की टीम ने शनिवार को पर्यावरण सुरक्षा के मद्देनजर अशोकनगर रोड कैंट क्षेत्र में छापामार कार्रवाई की।

स्वच्छता निरीक्षक विवेक श्रीवास्तव एवं उनकी टीम ने दुकानों का निरीक्षण करते हुए मदन डेयरी तथा महेश डेयरी एंड स्वीट्स पर कार्रवाई की। टीम ने दोनों संस्थानों से 25 किलो 500 ग्राम प्रतिबंधित अमानक पॉलिथीन जप्त की, जिसका बाजार मूल्य लगभग 5,500 रुपये है। प्रतिबंधित पॉलिथीन का उपयोग करने पर दुकानदारों से 3500 रुपये का अर्थदंड वसूला गया। स्वच्छता निरीक्षक ने मदन डेयरी सहित अन्य सभी दुकानदारों को भविष्य में प्रतिबंधित पॉलिथीन का उपयोग न करने की सख्त चेतावनी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुनः उल्लंघन पाए जाने पर और अधिक राशि का जुर्माना लगाया जाएगा। इस कार्रवाई के दौरान शोभित जादौन, सिद्धि विनायक वेस्ट मैनेजमेंट से राजेश माझी आदि मौजूद रहे।

डिप्टी कलेक्टर ने कचरा संग्रहण वाहनों और फायर स्टेशन का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना




कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा विगत सप्ताह नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के परिपालन में रविवार को डिप्टी कलेक्टर दिव्यांशु शिवहरे द्वारा नगर पालिका गुना के कचरा संग्रहण (डोर-टू-डोर) वाहनों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शिवहरे ने सभी वाहनों को एसडब्ल्यूएम रूल्स 2026 के मानकों के तहत व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के प्रमुख बिंदुओं पर अधिकारियों से चर्चा की और आगामी दिनों में संपूर्ण अद्यतन जानकारी प्रस्तुत करने का आदेश दिया।

इसके उपरांत डिप्टी कलेक्टर ने दशहरा मैदान स्थित फायर स्टेशन का भी निरीक्षण कर सभी अग्निशमन वाहनों को सदैव कार्यशील व व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर पालिका उपयंत्री नितिन चंदेल, शकील खान, धर्मेंद्र धाकड़, निकाय के सभी वाहन चालक तथा डिवाइडर वेस्ट मैनेजमेंट से जय दाहिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

सोता रहा परिवार, बाहर से लॉक लगाकर घर खंगाल गए चोर

ई-स्कूटी, लैपटॉप, टीवी से लेकर जूते तक ले गए





हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर की भगत सिंह कॉलोनी में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए ई-स्कूटी, लैपटॉप, टीवी, किराना सामान, सिलाई मशीन, मिक्सर, इंडक्शन, पीतल के बर्तन, चार्जर, वाहन की चाबी और यहां तक की जूते भी चोरी कर लिए। वारदात के समय परिवार घर के अंदर सो रहा था। सुबह जब परिवार जागा तो बाहर से दरवाजे पर लॉक लगा मिला। पड़ोसियों को बुलाकर लॉक खुलवाया, तब घर में चोरी का पता चला।

भगत सिंह कॉलोनी निवासी प्रमोद रघुवंशी ने बताया कि शनिवार रात करीब 12:30 बजे वह परिवार सहित सो गए थे। रात में किसी समय चोर घर में घुसे और सामान समेटकर ले गए। सुबह बाहर निकलने का प्रयास किया तो दरवाजा बाहर से बंद मिला। इसके बाद पड़ोसियों को आवाज देकर बुलाया गया और बाहर लगा लॉक खुलवाया गया।

घर में जांच की गई तो ई-स्कूटी, लैपटॉप, टीवी, किराना सामान, सिलाई मशीन, मिक्सर, इंडक्शन, पीतल के बर्तन, चार्जर, बोलेरो गाड़ी की चाबी सहित अन्य सामान गायब मिला। लैपटॉप के बैग में रखे करीब 5 से 10 हजार रुपए नकद भी चोर ले गए। इतना ही नहीं, घर में रखे जूते तक गायब मिले। राहत की बात यह रही कि घर में रखी ज्वेलरी बच गई। प्रमोद के अनुसार आभूषण उसी कमरे में रखे थे, जिसमें परिवार के सदस्य सो रहे थे। संभवतः इसी कारण चोर उस कमरे तक नहीं पहुंच सके। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घर व आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया। पुलिस अब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर चोरों की तलाश में जुटी है।

पगारा फैक्ट्री के पास हादसा, कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

गुना। शहर के कैंट पुलिस क्षेत्र अंतर्गत गुना-अशोकनगर रोड पर स्थित पगारा फैक्ट्री के सामने एक तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक घायल हो गया है। जानकारी के अनुसार, ग्राम नारायणपुरा निवासी फरियादी भीमसिंह बंजारा (35) शुक्रवार दोपहर अपनी मोटरसाइकिल से शाढ़ौरा काम से जा रहे थे। दोपहर करीब 12:30 बजे पगारा फैक्ट्री के पास पीछे से आ रही कार क्रमांक एमपी 04-4019 के चालक ने तेजी व लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में भीमसिंह नीचे गिर गए, जिससे उनके हाथ व कोहनी में गंभीर चोटें आईं। दुर्घटना के बाद घायल को शाढ़ौरा सरकारी अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराया गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


मेट्रो होटल के पास हादसा, तेज रफ्तार ट्रक ने कार में मारी टक्कर

गुना। जिले के बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत मेट्रो होटल के सामने शनिवार दोपहर तेज रफ्तार ट्रक ने एक कार को टक्कर मार दी। जामनेर निवासी फरियादी जितेंद्र सिंह मीना (42) अपनी कार से बजरंगगढ़ की ओर जा रहे थे। दोपहर करीब 3 बजे सर्विस रोड पर जाम होने के कारण वे रुके हुए थे, तभी इंदौर की ओर से आए ट्रक चालक ने तेजी व लापरवाही से वाहन चलाते हुए कार के ड्राइवर साइड जोरदार टक्कर दे दी। हादसे में कार के दोनों दरवाजे और बॉडी क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे लगभग 50 से 60 हजार रुपये का नुकसान हुआ। घटना के प्रत्यक्षदर्शी बंटी चौकसे व सर्जन मीना रहे। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

भगवान लव कुश जयंती पर गुना में निकला भव्य चल समारोह

जयकारों से गूंजा शहर, पुष्पवर्षा से जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



कुशवाहा समाज द्वारा भगवान लवकुश की जयंती के अवसर पर शहर में अपार उत्साह और श्रद्धा के साथ विशाल चल समारोह व शोभायात्रा निकाली गई। धार्मिक मर्यादा और अनुशासन के साथ आयोजित इस चल समारोह में कुशवाह समाज बंधुओं के साथ-साथ बड़ी संख्या में समाज की महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने बढ़-चढक़र भाग लिया।

शोभायात्रा की शुरुआत सुबह कुशवाह नगर वार्ड क्रमांक 7 स्थित श्री लवकुश मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना और महाआरती के साथ हुई। इसके पश्चात भव्य चल समारोह प्रारंभ होकर कुशवाहा नगर हनुमान मंदिर, मरई माता मंदिर, आसमानी माता मंदिर, हनुमंता मंदिर, ख्यावदा चौराहा, बोहरा मस्जिद, मानस भवन, जयस्तंभ चौराहा, सदर बाजार, निचला बाजार, हाट रोड और हनुमान चौराहा होते हुए अंबेडकर भवन मार्ग से गुजरा। चल समारोह में सबसे बड़ा आकर्षण भगवान श्री राम, माता सीता व लक्ष्मण जी की नयनाभिराम झांकी और भगवान लवकुश की भव्य बग्गी रही, जिस पर श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर दर्शन व आशीर्वाद प्राप्त किया।


मार्गभर में धर्म ध्वजाएं लहराते और जयकारे लगाते समाजजन चल रहे थे। चल समारोह का भव्य समापन प्रीतम वाटिका में एक मंचीय कार्यक्रम के रूप में संपन्न हुआ। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद भारत सिंह, विधायक कैलाश कुशवाह तथा कुशवाह समाज के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुशवाह मंचासीन रहे। अतिथियों ने भगवान लवकुश के जीवन आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए समाज में शिक्षा, एकता और संगठनात्मक मजबूती पर बल दिया। आयोजकों द्वारा पूर्व में की गई नशामुक्ति और मर्यादा बनाए रखने की अपील का असर पूरे आयोजन के दौरान स्पष्ट रूप से देखने को मिला, जिससे पूरा चल समारोह अत्यंत शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

टेकरी से चकदेवपुर तक निकली 30 किमी लंबी भव्य पदयात्रा

शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में बाबा रामदेव जी महाराज का जन्मोत्सव भाद्रपद माह की द्वितीया (दौज) के अवसर पर अपार श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष्य में बंजारा एवं नायक समाज द्वारा संयुक्त रूप से एक विशाल और भव्य जुलूस सह पदयात्रा का आयोजन किया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ऐतिहासिक जुलूस निकाला गया। इस जुलूस का शुभारंभ शहर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल हनुमान टेकरी से हुआ। इसके पश्चात जुलूस शहर के प्रमुख मार्गों—बूढ़े बालाजी, हनुमंता मंदिर, ख्यावदा चौराहा और हनुमान चौराहा से होते हुए आगे बढ़ा। जयकारों के साथ श्रद्धालु करीब 30 किलोमीटर की लंबी पदयात्रा तय कर ग्राम चकदेवपुर स्थित बाबा रामदेव जी के प्राचीन मंदिर पहुंचे, जहां महाआरती और पूजा-अर्चना के साथ जुलूस का समापन हुआ।

निशुल्क कैंप में मरीजों की भारी भीड़, दूर दराज के क्षेत्रों से भी पहुंची महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



शहर के स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. सतीश राजपूत के निवास पर प्रत्येक रविवार आयोजित होने वाले निशुल्क महिला स्वास्थ्य शिविर में इस बार बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे। गुना जिले के साथ-साथ दूर-दराज के क्षेत्रों से भी महिलाएं उपचार कराने पहुंचीं। शिविर में 100 से अधिक मरीजों का निशुल्क परीक्षण एवं उपचार किया गया। वहीं लगभग 50 बीपीएल कार्डधारी मरीजों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। विदिशा से गुना पहुंचीं 75 वर्षीय शारदा बाई, बोलीं अब पूरी तरह आराम है।

इस निशुल्क शिविर में विदिशा जिले से पहुंचीं 75 वर्षीय बुजुर्ग शारदा बाई की कहानी ने सभी को भावुक कर दिया। शारदा बाई लंबे समय से बच्चेदानी संबंधी गंभीर समस्या से परेशान थीं। उनके परिवार में कोई सहारा नहीं है और आर्थिक स्थिति भी कमजोर है। शारदा बाई ने बताया कि किसी व्यक्ति से उन्हें डॉ. सतीश राजपूत के निशुल्क कैंप की जानकारी मिली। उन्हें बताया गया कि डॉक्टर राजपूत जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क देखते हैं और बीपीएल एवं आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को दवाइयां भी उपलब्ध कराते हैं। इसके बाद वह लगातार कैंप में उपचार के लिए आने लगीं। चार बार कैंप में उपचार कराने के बाद अब उन्हें काफी आराम मिल चुका है। भावुक होकर शारदा बाई ने कहा-मेरे परिवार में कोई नहीं है। ऐसे समय में मुझे डॉक्टर साहब से जो सहायता मिली है, वह मेरे लिए किसी वरदान से कम नहीं है। अब मुझे पूरी तरह आराम है। मैं भगवान से प्रार्थना करती हूं कि ऐसे डॉक्टर हमेशा खुश रहें। डॉ. सतीश राजपूत द्वारा शुरू किया गया यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर अब जरूरतमंद महिलाओं के लिए उम्मीद की किरण बनता जा रहा है।

समाचार संक्षेप

सेवानिवृत्त शिक्षकों का विदाई समारोह आयोजित विद्यालय परिवार ने किया सम्मान



कुम्भराज। शासकीय हाई स्कूल लामाखेड़ा में सेवाकाल पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों के सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने सेवानिवृत्त शिक्षक कैलाशनारायण कुशवाह सहित अन्य शिक्षकों को भावभीनी विदाई देते हुए उनके द्वारा दी गई सेवाओं के लिए सम्मानित किया। समारोह में शिक्षक कैलाशनारायण कुशवाह की 42 वर्षों की उल्लेखनीय एवं समर्पित सेवा का स्मरण करते हुए प्राचार्य अमर सिंह शकतावत ने उनके सेवाकाल से जुड़े संस्मरण साझा किए। उन्होंने कहा कि कुशवाह ने लंबे समय तक पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ विद्यार्थियों को शिक्षित किया और विद्यालय के गौरव को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। विद्यालय परिवार ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। वहीं घनश्याम अहिरवार, भूपेंद्र शर्मा एवं सुरेश गौतम का अन्यत्र स्थानांतरण होने पर विद्यालय परिवार द्वारा उनका भी सम्मान किया गया। शिक्षकों का तिलक लगाकर, माला पहनाकर, साफा बांधकर, शॉल ओढ़ाकर एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इस दौरान उनके द्वारा विद्यालय को दी गई सेवाओं एवं योगदान की सराहना की गई। समारोह में शिक्षकों ने विद्यार्थियों को संस्कारयुक्त शिक्षा प्राप्त करने, अनुशासन का पालन करने तथा माता-पिता और गुरुजनों का सदैव सम्मान करने का संदेश दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे खूब पढ़ें, जीवन में आगे बढ़ें और अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं गांव का नाम रोशन करें। साथ ही अपनी शिक्षा और प्रतिभा के माध्यम से समाज एवं देश की सेवा कर क्षेत्र को गौरवान्वित करने का आह्वान किया।

अखिल भारतीय युवा यादव महासभा मध्यप्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष बने सौरभ



चाचौड़ा-बीनागंज। अखिल भारतीय युवा यादव महासभा मध्यप्रदेश द्वारा संगठन के विस्तार एवं मजबूती को लेकर सौरभ यादव, निवासी चाचौड़ा-बीनागंज, जिला गुना को युवा यादव महासभा मध्यप्रदेश का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।युवा यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष इंजी. पुष्पेंद्र सिंह यादव द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में बताया गया कि राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष दादा जगदीश यादव की अनुमति एवं प्रदेश अध्यक्ष बलवीर यादव की सहमति से सौरभ यादव को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति पत्र में सौरभ यादव से समाज के सर्वांगीण विकास एवं संगठन की मजबूती के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की गई है।सौरभ यादव की नियुक्ति पर क्षेत्र के युवाओं एवं समाजजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सौरभ यादव ने संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों एव पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को मजबूत बनाने तथा समाज के हित में पूरी निष्ठा और सक्रियता के साथ कार्य करेंगे।

बाबा रामदेव की शोभायात्रा में शामिल हुए विधायक जयवर्धन सिंह

रूठियाई में लव-कुश जयंती समारोह में भी की सहभागिता, पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



भाद्रपद शुक्ल द्वितीया (बाबारी बीज) के पावन अवसर पर लोकदेवता एवं "रूणीचा रा धणी" बाबा रामदेव महाराज के प्राकट्य उत्सव के उपलक्ष्य में राघौगढ़ में बंजारा समाज द्वारा शोभायात्रा का आयोजन किया गया। धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता से ओत-प्रोत इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन, श्रद्धालु, युवा एवं क्षेत्रवासी शामिल हुए।राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय, कोटि बाग पहुंचे, जहां समस्त ब्लॉक कांग्रेस परिवारजनों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इसके बाद जयवर्धन सिंह शोभायात्रा में शामिल हुए। उन्होंने रथ पर विराजमान बाबा रामदेव जी महाराज का पूजन-अर्चन कर पुष्पवर्षा से स्वागत किया।

इस दौरान विधायक जयवर्धन सिंह ने बंजारा समाज के वरिष्ठजनों को माला एवं साफा पहनाकर सम्मानित किया तथा समाज के लोगों से आत्मीय मुलाकात की। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं एवं समाजजनों पर पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया। बाबा रामदेव जी महाराज के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय नजर आया। राघौगढ़ के कार्यक्रम के पश्चात विधायक जयवर्धन सिंह रूठियाई पहुंचे, जहां कुशवाहा समाज द्वारा भगवान श्रीराम के पुत्र लव-कुश की जयंती के अवसर पर भव्य चल समारोह आयोजित किया गया था। विधायक जयवर्धन सिंह ने चल समारोह में सम्मिलित होकर समाजजनों एवं श्रद्धालुओं के साथ सहभागिता की।इस अवसर पर पोहरी विधायक कैलाश कुशवाह भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। विधायक जयवर्धन सिंह ने पोहरी विधायक कैलाश कुशवाह का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया।

दोनों जनप्रतिनिधियों ने समाजजनों के साथ मिलकर लव-कुश जयंती के अवसर पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में सहभागिता की।विधायक जयवर्धन सिंह ने कुशवाहा समाज के वरिष्ठजनों एवं प्रमुख समाजजनों को माला पहनाकर स्वागत-सम्मान किया तथा चल समारोह में शामिल श्रद्धालुओं एवं समाजजनों पर पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान समाजजनों में विशेष उत्साह देखने को मिला। जयवर्धन सिंह ने सभी समाजजनों को लव-कुश जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

डोल ग्यारस चल समारोह को भव्य बनाने सर्व हिंदू समाज ने की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

नृसिंह मंदिर परिसर में सर्व हिंदू समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी डोल ग्यारस चल समारोह को भव्य, दिव्य एवं आकर्षक बनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित समाजजनों एवं हिंदू युवा साथियों ने आयोजन को लेकर अपने-अपने सुझाव एवं विचार रखे। बैठक में सर्वसम्मति से ढोल ग्यारस पर्व को उत्साह एवं धार्मिक भावनाओं के साथ मनाने तथा आयोजन की समस्त तैयारियों को व्यवस्थित रूप से संचालित करने के लिए समिति का गठन किया गया। इसमें बुद्धालाल बुनकर को अध्यक्ष, कल्याण जागा को उपाध्यक्ष, रिंकू मेर को कोषाध्यक्ष, संदीप शर्मा को सह-कोषाध्यक्ष एवं राजेंद्र कुमार वास्त्री को सचिव चुना गया। बैठक में उपस्थित सभी हिंदू समाज के सदस्यों को समिति में सदस्य के रूप में शामिल किया गया। बैठक में कोमल बुनकर, सुंदरलाल बुनकर, गोलू गुर्जर, गोलू सैनी, राजा जोशी, मोहन पटवा, गिर्राज पटवा, विशाल पटवा, ललित बुनकर, ललित साहू, दामोदर रामू प्रजापति, महेश वंशकार, नृसिंह मंदिर के पुजारी हेमराज ओझा, कैलाश ओझा, सोनू प्रजापति, सोनू बुनकर सहित बड़ी संख्या में हिंदू समाज उपस्थित रहा।

सुख-समृद्धि की कामना लेकर वैष्णो देवी रवाना हुआ 61 युवाओं का जत्था



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज

नगर परिषद उपाध्यक्ष विक्रम सिंह मीना के नेतृत्व एवं सौजन्य से 61 युवाओं का जत्था माता वैष्णो देवी के दरबार में हाजिरी लगाने एवं मातारानी के दर्शन के लिए रवाना हुआ। यात्रा को लेकर युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। रवानगी के अवसर पर युवाओं ने बताया कि वे माता वैष्णो देवी के दरबार में पहुंचकर नगर एवं क्षेत्र की समृद्धि, खुशहाली और शांति के लिए मातारानी से प्रार्थना करेंगे। साथ ही क्षेत्रवासियों के सुखी एवं स्वस्थ जीवन की कामना भी की जाएगी। युवाओं ने कहा कि माता के दर्शन और आशीर्वाद से नई ऊर्जा एवं सकारात्मकता का संचार होगा। जत्थे के रवाना होने पर नगरवासियों एवं शुभचिंतकों ने सभी यात्रियों को मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं।

नेत्र, दंत एवं आयुर्वेदिक शिविर में 175 मरीजों का पंजीयन, 35 मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा



श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट, आनंदपुर एवं जिला स्वास्थ्य समिति के सहयोग से राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को ग्राम जामनेर में विशाल निःशुल्क नेत्र जांच, मोतियाबिंद ऑपरेशन, दंत जांच एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में क्षेत्र के ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके बाद उपस्थित चिकित्सकों एवं सेवा कार्य में लगे सदस्यों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। शिविर में कुल 175 मरीजों का पंजीयन किया गया, जिसमें जांच के बाद 35 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। जरूरतमंद मरीजों को दवाइयां एवं चश्मे वितरित किए गए। वहीं 95 मरीजों को निःशुल्क दवाइयां प्रदान की गईं। आयुर्वेदिक चिकित्सा के अंतर्गत मरीजों को आवश्यक परामर्श देकर उपयोगी सामग्री उपलब्ध कराई गई। दंत रोग से संबंधित मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक सलाह दी गई तथा दंत रोगियों को टूथपेस्ट भी वितरित किए गए।

शिविर में डॉ. आशु शर्मा (MDS) दंत रोग चिकित्सक बीनागंज, डॉ. सोनू शर्मा नेत्र सहायक बीनागंज, डॉ. हिमांशु शर्मा दंत रोग चिकित्सक बीनागंज एवं डॉ. प्रदीप शाक्यवार आयुर्वेदिक चिकित्सक, राजकुमार सेन डेंटल सहायक बीनागंज, उपस्थित रहकर मरीजों की जांच एवं उपचार संबंधी सेवाएं प्रदान कीं। सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर से जीतू पाठक एवं देवेंद्र जोगी , प्रद्युमन शर्मा भी शिविर में अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं दीं। शिविर के सफल आयोजन में कल्याण सिंह, सरपंच जामनेर, कमलेश सैनी उप सरपंच, राजेंद्र कुमार राय, श्यामसुंदर जी धाकड़ पूर्व सरपंच एवं सचिव नरेंद्र विश्वकर्मा, जनप्रतिनिधियों ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा।आयोजकों द्वारा सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा गया कि ग्रामीण क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों तक निःशुल्क सुविधाएं पहुंचाना ही मुख्य उद्देश्य है।

मिहिर भोज जयंती पर गुर्जर समाज ने निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



गुर्जर प्रतिहार सम्राट मिहिर भोज की जयंती के अवसर पर रविवार को गुर्जर क्षत्रिय समाज ने शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली। पुरानी कृषि उपज मंडी से शुरू हुई शोभायात्रा पछाड़ी खेड़ा रघुवंशी धर्मशाला युगल सरकार मंदिर राजमाता चोरहा होते कलेक्ट्रेट पहुची जहां सैकड़ों समाजजन शामिल हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर समाज के लोगों ने तहसीलदार आलोक श्रीवास्तव को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में ग्वालियर के चिरवाई नाके पर मिहिर भोज की प्रतिमा के चारों ओर लगे टीन हटाकर स्थल को व्यवस्थित और सम्मानजनक स्वरूप देने की मांग की गई। इसके साथ ही सितंबर 2023 में ग्वालियर में हुए गुर्जर आंदोलन के दौरान दर्ज मामलों की निष्पक्ष जांच कर उन्हें वापस लेने की मांग रखी गई। गुर्जर समाज ने अशोकनगर में अमर शहीद कोतवाल धन सिंह गुर्जर की प्रतिमा स्थापित करने तथा बंगला चैराहे पर बिजोलिया किसान आंदोलन के जनक विजय सिंह पथिक उर्फ भूप सिंह गुर्जर की प्रतिमा लगाने की मांग भी की। गुर्जर समाज ने कहा कि दोनों महापुरुषों के योगदान को देखते हुए शहर में उनकी प्रतिमाएं स्थापित कर सम्मान दिया जाना चाहिए।

जीर्ण-शीर्ण स्कूल की जानकारी तत्काल भेजें

अशोकनगर। पिछले दिनों 11 सितंबर को ग्राम खुजराई में मुख्यमंत्री जन विश्वास कार्यक्रम के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया था। कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा ग्राम खुजराई के विद्यालय का निरीक्षण किया गया था जो जीर्ण शीर्ण होना पाया गया था। जिसके बाद कलेक्टर द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई थी। उक्त नाराजगी के बाद जिला परियोजना योजना समन्वयक राहुल शर्मा जिला शिक्षा केन्द्र अशोकनगर द्वारा जिले के बीआरसी और जन शिक्षिकों को निर्देश जारी किए गए हैं कि वह अपने अपने क्षेत्र के समस्त विद्यालयों का स्वयं भौतिक निरीक्षण करें यदि निरीक्षण के दौरान कोई विद्यालय जीर्ण शीर्ण भवन में संचालित पाया जाता है तो उसे तत्काल अन्य शासकीय भवन सुरक्षित स्थान पर संचालित कराएं और ऐसे भवन जो डिसमेंन्टल की स्थिति में हों उनकी जानकारी तत्काल इस कार्यालय को भेजी जाए यदि आपके स्तर से कोई लापरवाही बरती जाती है और कोई अप्रिय घटना सामने आती है तो उसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।


अभिभाषक शिव सिंह रघुवंशी को किया गया सम्मानित



अशोकनगर। जिला अभिभाषक संघ के युवा अधिवक्ता शिव सिंह रघुवंशी को लोक अदालत में जिला एवं सत्र न्यायाधीश सतीश चन्द्र शर्मा और जिला कलेक्टर साकेत मालवीय व अभिभाषक संघ अशोकनगर के अध्यक्ष चन्द्रशेखर साहू द्वारा स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला अभिभाषक संघ द्वारा उनके योग व साहित्य व सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। अभिभाषक संघ के अध्यक्ष साहू का कहना है कि हमारी बार के युवा सदस्य शिव सिंह रघुवंशी ने हमारी बार का नाम प्रदेश व देश ही नहीं विश्व स्तर पर कर हमारी बार का गौरव बढ़ाया है। रघुवंशी का सम्मान कर बार गौरन्वित अनुभव कर रही है।इस अवसर पर बार के सचिव रामनिवास शर्मा कोषाध्यक्ष मिश्रा सभी न्यायाधीशगण, विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व विधिक सेवा प्राधिकरण अधिकारी, कर्मचारीगण व बड़ी संख्या में अभिभाषकगण ने भाग लिया और रघुवंशी ने लोक अदालत के सम्बन्ध में काव्य रचना का वाचन किया। सभी अभिभाषकगण ने रघुवंशी के उत्कृष्ट कार्यों की प्रशंसा की।

ज्ञान के प्रयोग का नाम ही चरित्र है: मुनि निरंजन सागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



साइंस ऑफ लिविंग के इस सत्र में हम सभी मिलकर साइंस ऑफ नॉलेज पर चर्चा कर अपने जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास कर रहे हैं। आचार्यों ने कहा है सा विद्या या विमुक्तये विद्या वही है, ज्ञान वही है जो मुक्त करे या मुक्ति दिलाए। प्राणी मात्र के प्रति मैत्री-भाव से हृदय भर जाए, यह भी ज्ञान का फल है। मैत्री का अर्थ है, सबके हित का भाव। किसी भी जीव को दुःख न हो ऐसा भाव।

उन्होंने कहा कि ज्ञान और शिक्षा यह दोनों ही बहुत अलग-अलग वस्तु है। आज हम बच्चों को शिक्षा तो बहुत दे रहे हैं। यहाँ तक की उन्हें विदेशों तक भेजते हैं कि पढ़कर लौटना, लेकिन कौन लौटता है? बहुत बड़ी-बड़ी संस्थाओं में पढ़ने के लिए भेजते हैं। काहे के लिए कि दो रोटी कमाने लायक विद्या सीख आए। सत्य को, ज्ञान को प्राप्त करके लौटना- मेरे ख्याल से ऐसा तो आज कोई अपने बेटा, बेटी से नहीं कहता होगा। कोई नहीं कहता होगा कि जाओ, जीवन में देखो, अपने अनुभव से जानो कि सच्चाई क्या है और उस सच्चाई को पाकर लौटना। पर आज केवल दो रोटी के लिये, अपनी आजीविका चलाने के लिये थोड़ी-बहुत विद्या सीखकर आ जाये, ताकि ढंग से कार में घूमते हुए जीवन व्यतीत करे, अच्छे गद्दों -डनलप पर सोये, एसी में रहे बस यही सच्चाई है जीवन की। बस जीवन में इतना पा लेना ही सच को पा लेना है। अगर ये सब चीजें ही जीवन की सच्चाई होती, तो आज कई लोगों को यह सच्चाई प्राप्त है। परन्तु यह सच्चाई जीवन यापन की ही सच्चाई है। जीवन को सार्थक बनाने की सच्चाई तो इससे अलग है। जीवन सार्थक बनता है दया से, प्रेम से, करुणा से, वात्सल्य से, विनय से, तप से, त्याग से, समर्पण से।

लोक अदालत परिसर में अन्नकूट का आयोजन किया



अशोकनगर। नेशनल लोक अदालत के अवसर पर जिला अभिभाषक संघ अशोकनगर एवं न्यायालय परिवार की ओर से अन्नकूट का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी द्वारा नेशनल लोक अदालत में आने वाले सभी कर्मचारी एवं पक्षकारों के लिए अन्नकूट प्रसाद के रूप में मालपुआ पूरी सब्जी के प्रसाद का वितरण किया गया।

अभिभाषक संघ के अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू एवं उनकी समस्त कार्यकारिणी और सहयोगी अधिवक्ता सदस्यों के द्वारा भंडारा सा सहयोग से किया गया भंडारे में व्यवस्थापक के रूप में एडवोकेट उमेश प्रताप यादव ने जिम्मेदारी संभाली उनके साथ ही सहयोगी एडवोकेट सुनील शर्मा और एडवोकेट राहुल मिश्रा एडवोकेट दुर्गेश जाटव मीडिया प्रभारी अभिभाषक संघ अशोकनगर एवं अन्य अधिवक्ता गणों ने भंडारे को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया। प्रत्येक लोक अदालत के अवसर पर अशोकनगर जिला न्यायालय परिसर में अन्नकूट प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य लोक अदालत में आने वाले पक्षकारों एवं कर्मचारी अधिकारियों को भूखा न रहना पड़े या लोग सुबह से लेकर शाम 6 बजे तक अपनी कार्रवाई के लिए बैठते हैं इसलिए उनको भोजन संबंधी कोई परेशानी ना हो और वे अन्नकूट प्रसाद ग्रहण कर अपनी कार्रवाई जारी रख सके।

एजुकेशन एक्टिविस्ट एसोसिएशन ने शैक्षणिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों को गति प्रदान करने बैठक की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



एजुकेशन एक्टिविस्ट एसोसिएशन ने शैक्षणिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों को गति प्रदान करने के लिए बैठक आयोजित की। यह बैठक संस्था के अध्यक्ष प्रियकांत माथुर के निवास पर की गई थी। बैठक में संस्था के सभी गणमान्य एवं क्रियाशील सदस्य सम्मिलित हुए।

जिसमें प्रमुख रूप से संस्था के अध्यक्ष प्रियकांत माथुर मुख्य सचिव कमल सड़ाना,उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल सह सचिव नितिन गोयल एवं संस्था से प्रभावित होकर जुड़ने वाले नव नियुक्त सदस्य उदय सिंह सिसोदिया एवं निजी स्कूल के शिक्षक संग्राम सिंह अहिरवार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। जिनका स्वागत संस्था के सभी गणमान्य पदाधिकारियों ने बड़े ही गर्मजोशी के साथ किया। स्वागत उपरान्त नव नियुक्त सदस्य रिटायर्ड शिक्षक सिसोदिया का शिक्षा पर उद्बोधन हुआ। जिसमें उन्होंने कहा कि शिक्षा सिर्फ जानकारी नहीं देती, वो इंसान के अंदर नए अंग पैदा करती है। देखने और समझने के एवं इसी के साथ उन्होंने शिक्षा के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा के इन निम्न बिंदुओं की व्याख्या करके बताया कि सही-गलत को भीड़ से नहीं, खुद की कसौटी पर परखने की क्षमता। शिक्षित इंसान तर्क करता है, नारे नहीं दोहराता उसे पता चलता है कि वो क्या नहीं जानता। यही अज्ञान का बोध उसे जिज्ञासु बनाता है, घमंडी नहीं जब आप इतिहास, साहित्य, विज्ञान पढ़ते हैं, तो दूसरे के दर्द को अपने जैसा समझना आसान हो जाता है। शिक्षा सहानुभूति को विस्तार देती है। विनम्रता ये मानने की कि मैं गलत हो सकता हूँ, और साहस ये कहने का कि सच वही है जो है, चाहे सब खिलाफ हों। असली शिक्षा इंसान को नौकरी के लायक ही नहीं, मालिक के बिना सोचने के लायक भी बनाती है। वो परम्परा का अंधा अनुयायी नहीं, उसका आलोचक और वाहक दोनों बनता है। मुख्य सचिव कमल सड़ाना ने तीन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर संस्था की क्रियाशीलता हेतु आगामी बहुआयामी विचारों पर प्रकाश डाला जिस पर सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा सहमति प्रदान की गई।

खास बातें

- संस्था की गतिशीलता हेतु विभिन्न स्कूलों में सामान्य ज्ञान परीक्षाएं आयोजित की जाएं एवं पुरस्कार वितरित किये जाएं।
- जिन शिक्षकों ने अपने स्कूल की भौतिक परिस्थितियों को सुंदर आकर्षक बनाकर रखा है, उन स्कूलों में अपनी गतिविधियों की जाएं एवं उन शिक्षकों को सम्मानित किया जाए।
- सूचना के अधिकार के अंतर्गत स्कूलों की स्थितियों के बारे में जानकारी एकत्रित करके उसकी रिपोर्ट आगे आगे उच्चाधिकारियों तक बढ़ाई जाए।

राधा-कृष्ण मंदिर के जीर्णोद्धार में जुटा वैष्णव छीपा समाज



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

विजयपुरा गांव के प्राचीन श्री राधा-कृष्ण मंदिर, जिसकी देखरेख व समुचित व्यवस्था वैष्णव छीपा समाज द्वारा की जाती है। उसके जीर्णोद्धार कार्य समाज बंधुओं के सहयोग से विगत कई दिनों से चल रहा है। मंदिर जीर्णोद्धार के अंतर्गत गुम्बद का कार्य इंदौर में निवासरत समाज सेवी छुट्टी लाल नामदेव द्वारा कराया जा रहा है, वहीं सीसी, ट्यूबवेल एवं रसोई घर का निर्माण रमेशचंद्र पटोलिया एवं विजयपुरा की स्थानीय समाज द्वारा कराया जा रहा है। इस शुभ कार्य का जायजा लेने के लिए रविवार को समाज के जिला अध्यक्ष गोपाल नामदेव, रमेश चंद डोटिया,नारायण सिंह बिरग एवं युवा जिला अध्यक्ष राजकुमार नामदेव विजयपुरा पहुंचे। पदाधिकारियों ने मंदिर निर्माण कार्य में सक्रिय रूप से लगे हुए रमेश पटोलिया का साफा-माला पहनाकर सम्मान किया। इस दौरान युवा जिलाध्यक्ष राजकुमार नामदेव का भी समाज जनों द्वारा स्वागत-सम्मान किया गया। समाज जनों ने बताया कि भगवान के इस पावन कार्य में सभी समाज बंधु बढ़-चढ़कर सहयोग कर रहे हैं, और शीघ्र ही मंदिर का कार्य पूर्ण कर प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

खबर संक्षेप

घरेलु विवाद के ऊपर से की मारपीट

अशोकनगर। जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत संगीता पुत्री गणपत निवासी सोपरा ने हुकुम सिंह निवासी सोपरा ने घरेलु विवाद पर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादियां किशोरी की रिपोर्ट पर से आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

अलग-अलग कारणों से तीन लोगों की मौत

अशोकनगर। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के अंतर्गत अलग अलग कारणों से तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने तीनों घटनाओं में मर्ग के मामले दर्ज किए हैं और मामले की जांच की जा रही हैं। जिले के कचनार थाने के अंतर्गत ग्राम छीपोन निवासी कमली पत्नि नीतेश अहिरवार उम्र 23 साल ने अपने ही कच्चे घर के उपर की अटारी में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली , पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है,मामले की जांच की जा रही है। इसी प्रकार दूसरी घटना मुंगावली थाने के अंतग्रत ग्राम ढिमरोली की है, यहां मोहन पुत्र गोरेलाल आदिवासी उम्र 40 साल को सर्प ने डस लिया था जिसे उपचार के लिए मुंगावली अस्पताल लाया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। तीसरी घटना जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत हैं जहां जरखर निवासी रतन बाई पत्नि परमाल यादव उम्र 60 साल की पेड़ के गिरने से नीचे दबने से मौत हो गई।

एकल महिला समिति ने माटी के गणेश निर्माण का दिया प्रशिक्षण



अशोकनगर। एकल महिला समिति एवं एकल संच अशोकनगर के सहयोग से रघुवंशी युवा संघ के तत्वावधान में विद्यालयों के आचार्यों एवं बच्चों के लिए माटी के गणेश जी निर्माण प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में आचार्यों एवं बच्चों ने अपने हाथों से माटी के गणेश जी निर्मित किए और संकल्प लिया कि"हम अपने घरों में प्राकृतिक रूप से निर्मित गणेश जी की ही स्थापना करेंगे। प्रशिक्षण का उद्देश्य केवल गणेश प्रतिमा बनाना नहीं, बल्कि बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। प्रशिक्षण प्राप्त आचार्य अपने- अपने विद्यालयों में जाकर विद्यार्थियों को भी माटी के गणेश बनाने का प्रशिक्षण देंगे, ताकि यह पर्यावरण संरक्षण का संदेश अधिक से अधिक बच्चों और परिवारों तक पहुँच सके। इस अवसर पर एकल महिला समिति अशोकनगर द्वारा सभी आचार्यों को पीतल की चैकी भेंट कर सम्मानित किया गया। माटी के गणेश प्रकृति का सम्मान, पर्यावरण बचाएँ, प्राकृतिक गणेश अपनाएँ। एकल महिला समिति अशोकनगर की ओर से सभी आचार्यों, बच्चों एवं रघुवंशी युवा संघ का हार्दिक आभार एवं बहुत-बहुत धन्यवाद। गंगा रघुवंशी, सावित्री रघुवंशी, रेखा रघुवंशी, रामेति रघुवंशी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

शुभ मुहुर्त में होगी प्रतिमाएं विराजमान, आयोजन स्थल पर होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

रिद्धि-सिद्धि और मंगल मूर्ति भगवान गणेश के पर्व की आज से शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

रिद्धि सिद्धि और सारे देवों में पहले पूजे जाने वाले भगवान गणेश के उत्सव की आज से शुरूआत हो रही है, शुभ मुहुर्त में प्रतिमाएं घर घर में विराजमान की जाएंगी। झांकी स्थलों पर भक्ति भाव से प्रतिमाओं की स्थापना होगी, अनेक स्थानों पर गणेश उत्सव के इस पर्व पर 14 सितंबर से 25 सितंबर तक प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

शहर में इस वर्ष भी गणेश उत्सव का पर्व उत्साह पूवर्क मनाया जाएगा। इस पर्व को लेकर शहर में तैयारियां चल रही हैं। वहीं दूसरी ओर शहर का गांधी पार्क, गणेश मूर्ति बाजार में तब्दील हो गया है। यहां छोटी-बड़ी सभी आकार की प्रतिमाएं बिक रहीं हैं। मिटटी के गणेश के साथ-साथ प्लास्टर और पेरिस से बनी प्रतिमाएं भी बिना रोक टोक के बिक रहीं हैं।

गणेश प्रतिमाओं का शहर में अनेक स्थानों पर निर्माण हो रहा है। छोटी-बडी सभी आकार की प्रतिमाएं तैयार की गई हैं। जो बड़े झांकी आयोजक हैं उनके द्वारा अलग से प्रतिमाओं को तैयार कराया जाता है। शहर में लगभग 100 झांकियां लगती है जो मूर्तियां यहां बनाई जाती हैं उन्हें ग्रामीण अंचलों के लोग भी अशोकनगर में लेने के लिए पहुंचते हैं। पिछले एक महीने से इन मूर्तियों का निर्माण शहर में हो रहा है। शहर के कई परिवारों में मिटटी के गणेश भी बनाए जा रहे हैं। जब से मिटटी के गणेश बनाए जाने को लेकर जागरूक किया गया है तब से लोगों ने अपने घरों में मिटटी के गणेश की प्रतिमा स्थापित करने की शुरूआत कर दी है।

शहर के गांधी चैक पर लगभग छोटी-बड़ी 50 दुकानें लगी हैं यहां गणेश प्रतिमाएं बिक रही हैं। इनमें मिटटी के गणेश भी हैं और पीओपी की प्रतिमाएं भी हैं। जितनी भी प्रतिमाएं यहां पर बेचने के लिए बाहर से लाई गई हैं उनमें अधिकांश पीओपी की प्रतिमाएं हैं। यह पीओपी से बनी प्रतिमाएं इसलिए प्रतिबंधित की जाती हैं कि इन प्रतिमाओं को जब विसर्जित किया जाता है तो वह पानी में गलती नहीं हैं और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती हैं। लेकिन धार्मिक कार्यों के वजह से इन प्रतिमाओं पर बैन नहीं लगाया जाता है। शहर में गणेश उत्सव का पर्व आस्था और भक्ति के साथ मनाया जाता है।



महाराष्ट्र समाज भक्ति भाव से मनाएगा गणेश उत्सव

महाराष्ट्र समाज हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणेश उत्सव का पर्व भक्ति भाव से मनाएगा। यह समस्त आयोजन माधव भवन में आयोजित होगें। समाज के अध्यक्ष प्रमेन्द्र तायड़े और सचिव योगेन्द्र जाधव ने बताया कि बुधवार को शाम 6:30 बजे गणपति जी की स्थापना कर पूजा की जाएगी। शाम 7:30 बजे रंगोली का आयोजन होगा। 15 सितंबर को मिटटी के गणेश का आयोजन रात्रि 8:00 बजे किया जाएगा, 16 सितंबर को चित्रकला और मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन होगा, 17 सितंबर को पूजा थाली डेकोरेशन और चेयर रेस 18 सितंबर ऑनलाइन क्विज एवं सुडोकू प्रतियोगिता का आयोजन होगा। 19 सितम्बर को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन, 20 सितम्बर को संगीत कार्यक्रम आयोजित होगा, 21 सितम्बर को फैंसी ड्रेस का कार्यक्रम, 22 सितम्बर को सलाद सज्जा, 23 सितंबर को व्यंजन कार्यक्रम का आयोजन, 24 सितम्बर को वरिष्ठ नागरिक सम्मान और पुरूस्कार वितरण का आयोजन होगा, 25 सितम्बर को महाप्रसाद एवं विसर्जन समारोह का आयोजन किया जाएगा।

बाल गणेश समिति भक्ति भाव से मनाएगी उत्सव

शहर के सुभाष गंज स्थित रामलीला मंच पर बाल गणेश समिति द्वारा इस वर्ष भी गणेश उत्सव का पर्व मनाया जाएगा। गणपति जी की स्थापना से लेकर विसर्जन तक प्रतिदिन कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन होगें। इन आयोजनों में श्रद्धालु भाग लेगें। इन आयोजनों में भजन संध्या, छप्पन भोग का दरवार, एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रदान की जाएंगी। प्रतिदिन सुबह और शाम को आरती का आयोजन होगा, यह कार्यक्रम प्रतिदिन चलेगा। इस उत्सव को लेकर आयोजकों ने व्यापक तैयारियां की हैं बच्चों से लेकर महिलाओं और युवाओं मे भी इस पर्व को लेकर उत्साह दिख रहा है।

गणेश उत्सव को लेकर थाना परिसर में जनभागीदारी बैठक



पिपरई। नगर में गणेश चतुर्थी, डोल ग्यारस और अनंत चतुर्दशी पर्व को लेकर रविवार को थाना परिसर में जनभागीदारी बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासन, पुलिस, जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों और नगरवासियों ने उत्सव के दौरान व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। तहसीलदार रोहित रघुवंशी ने गणेश प्रतिमाओं की झांकियों के स्थान, विद्युत व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर समितियों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि आयोजन के दौरान किसी भी समिति को परेशानी न हो, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित की जाएंगी। थाना प्रभारी नरेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि पुलिस की ओर से एक टीम गठित की जाएगी, जो नगर में लगने वाली प्रत्येक श्री गणेश झांकी स्थल पर पहुंचकर व्यवस्थाओं और गतिविधियों पर नजर रखेगी। उन्होंने सभी समितियों से शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से धार्मिक आयोजन संपन्न कराने की अपील की। उन्होंने नगरवासियों से कहा कि धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए कार्यक्रम आयोजित करें। किसी भी प्रकार की समस्या या अप्रिय स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल थाना पुलिस को सूचना दें। इसके लिए थाने पर पहुंचकर अथवा मोबाइल के माध्यम से जानकारी दी जा सकती है। बैठक में पूर्व सरपंच कृष्ण कुमार राय ने डोल ग्यारस के अवसर पर नगर में निकलने वाले विमान के भ्रमण को लेकर चर्चा की। उन्होंने इस दौरान नगर में पर्याप्त लाइट और पानी की व्यवस्था कराने की मांग रखी, ताकि श्रद्धालुओं को परेशानी न हो।

10 स्थानों पर सजेंगी गणेश झांकियां

जर्जर सड़कों और गंदे पानी से श्रद्धालुओं की राह होगी मुश्किल



हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदेरी

इतिहास और पर्यटन नगरी चंदेरी में गणेश उत्सव को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। शहर में करीब 10 स्थानों पर भगवान गणेश की झांकियां सजाई जाएंगी। गणेश प्रतिमाओं के दर्शन के लिए शाम के समय बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

वहीं दूसरी ओर शहर की कई प्रमुख सड़कों पर बने गडडे और जलभराव श्रद्धालुओं की राह में परेशानी खड़ी कर सकते हैं। कई स्थानों पर सड़क के बीच बड़े-बड़े गडडे हो गए हैं, जिससे दोपहिया वाहन चालकों के साथ पैदल निकलने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गणेश उत्सव के दौरान झांकियों के आसपास शाम से देर रात तक लोगों की भीड़ रहती है। ऐसे में खराब सड़क व्यवस्था के कारण यातायात प्रभावित होने और हादसे की आशंका भी बनी हुई है। शहर के खिड़की दरवाजा क्षेत्र में सड़क के बीच बड़े गडडे दिखाई दे रहे हैं। यहां से प्रतिदिन स्थानीय लोगों के साथ पर्यटक और बाहर से आने वाले श्रद्धालु भी गुजरते हैं। रात के समय पर्याप्त रोशनी नहीं होने पर ये गडडे और अधिक खतरनाक साबित हो सकते हैं।

शहर में थाने के पास सड़क के बीचों-बीच भी गडडा हो गया है। इस मार्ग से लगातार वाहनों की आवाजाही रहती है। गणेश झांकियों के दर्शन के लिए निकलने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने पर यहां यातायात का दबाव भी बढ़ेगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि त्योहार से पहले इन गडडों की मरम्मत कराई जानी चाहिए, ताकि लोगों को परेशानी न हो।

संकट मोचन मंदिर मार्ग पर गंदा पानी

संकट मोचन मंदिर जाने वाले मार्ग की स्थिति भी चिंताजनक है। यहां घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़क के बीच जमा रहता है। इससे सड़क पर कीचड़ और फिसलन की स्थिति बनी रहती है। मंदिर की ओर जाने वाले श्रद्धालुओं को इसी रास्ते से होकर गुजरना पड़ता है। गणेश उत्सव के दौरान भीड़ बढ़ने पर लोगों को गंदे पानी के बीच से निकलना पड़ सकता है।

दिल्ली दरवाजा चैराहे पर भी गडडे शहर के प्रमुख दिल्ली दरवाजा चैराहे पर भी सड़क खराब होने लगी है और जगह-जगह गडडे दिखाई दे रहे हैं। यह क्षेत्र शहर के प्रमुख आवागमन वाले मार्गों में शामिल है। गणेश झांकियों के दौरान यहां पैदल श्रद्धालुओं और वाहनों की संख्या बढ़ने से स्थिति और चुनौतीपूर्ण हो सकती है।

उत्सव से पहले मरम्मत की जरूरत गणेश उत्सव के दौरान चंदेरी में स्थानीय लोगों के साथ आसपास के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु पहुंचते हैं। शहर के प्रमुख मार्गों से होकर लोग अलग-अलग स्थानों पर सजाई जाने वाली झांकियों के दर्शन के लिए जाएंगे। ऐसे में स्थानीय लोगों ने नगर पालिका से मांग की है कि उत्सव शुरू होने से पहले प्रमुख मार्गों के गडडों को भरवाया जाए, सड़क पर जमा गंदे पानी की निकासी कराई जाए और झांकी वाले क्षेत्रों में साफ-सफाई व पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

फर्जी आइएएस की ठगी पर पुलिस का शिकंजा, 4 लाख का फर्नीचर बरामद

ठगी की राशि से खरीदा था फर्नीचर



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

थाना चंदेरी पुलिस द्वारा फर्जी आईएएस अधिकारी बनकर नौकरी लगवाने के नाम पर 9 लाख 80 हजार की धोखाधड़ी करने वाली आरोपिया तृप्ति सिंह राजपूत के ससुराल स्थित घर से ठगी की राशि से खरीदा गया लगभग 4 लाख रुपये कीमत का फर्नीचर बरामद किया गया है।

पूछताछ में सामने आया ठगी की राशि के उपयोग का विवरण

दिनांक 23.08.2026 को थाना चंदेरी पुलिस द्वारा आरोपिया तृप्ति सिंह को गिरफ्तार कर पुलिस अभिरक्षा में लेकर धोखाधड़ी के संबंध में पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपिया द्वारा ठगी से प्राप्त राशि का उपयोग आईफोन मोबाइल खरीदने, होटल में ठहरने तथा अपने ससुराल स्थित घर में फर्नीचर लगवाने में किया जाना बताया गया। आरोपिया से प्राप्त जानकारी के आधार पर थाना चंदेरी पुलिस टीम द्वारा अलकापुरी कॉलोनी, भोपाल स्थित उसके ससुराल वाले घर पर पहुंचकर कार्रवाई की गई। वहां आरोपिया द्वारा अपने ससुर रामबाबू सिंह राजपूत के समक्ष पेश किए जाने पर कुल 4 लाख रुपये कीमत का फर्नीचर बरामद किया गया। ठगी की राशि से अर्जित संपत्ति की पहचान कर उसकी बरामदगी की गई कार्रवाई अशोकनगर पुलिस की त्वरित, प्रभावी एवं परिणामपरक कार्रवाई को दर्शाती है। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा ने आमजन से अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति स्वयं को सरकारी अधिकारी अथवा किसी प्रतिष्ठित संस्था का अधिकारी बताकर नौकरी लगवाने के नाम पर धनराशि की मांग करता है, तो किसी भी प्रकार की राशि का भुगतान न करें। ऐसे व्यक्तियों के संबंध में तत्काल निकटतम पुलिस थाने को सूचना दें, ताकि समय रहते आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा सके।



शराबबंदी की मांग को लेकर आदिवासी महिलाओं का चक्काजाम

ईसागढ़। जनपद पंचायत ईसागढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत मन्हेटी में शराबबंदी की मांग को लेकर आदिवासी महिलाओं ने चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया। इससे पहले कल भी एक गांव की महिलाओं ने चक्का जाम किया था। महिलाओं ने गांव में शराब की बिक्री और इसके कारण परिवारों पर पड़ रहे दुष्प्रभावों को लेकर नाराजगी जताते हुए प्रशासन से कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने कहा कि गांव में शराब को उपलब्धता के कारण परिवारों को आर्थिक और सामाजिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसका असर गांव के माहौल पर भी पड़ रहा है। महिलाओं ने गांव में शराब की बिक्री पर रोक लगाने और अवैध रूप से शराब बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। महिलाओं ने प्रशासन से गांव में शराब बिक्री की जांच कराने और नियमों का बंधन करने वालों पर कार्रवाई करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने सड़क पर चक्काजाम कर अपना विरोध दर्ज कराया। चकाराम को सूचना मिलने पर कदवाया थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और महिलाओं से चर्चा की। उन्होंने मामले में उचित कार्रवाई का आधासन दिया। इसके बाद महिलाओं को समझाइश देकर चकाजाम समात कराने का प्रयास किया गया।

सड़क सुरक्षा व सुचारु यातायात संचालन हेतु मार्ग डायवर्जन किया

गणेश चतुर्थी पर सुगम यातायात व्यवस्था के लिए जिले में यातायात पुलिस का विशेष ट्रैफिक प्लान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर


गणेश चतुर्थी पर्व के अवसर पर अशोकनगर शहर में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ बड़ी संख्या में नागरिकों के बाजारों एवं गांधी पार्क क्षेत्र में पहुंचने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में अशोकनगर यातायात पुलिस द्वारा विशेष यातायात व्यवस्था, मार्ग डायवर्जन एवं पार्किंग प्लान तैयार किया गया है।

प्रमुख मार्गों पर भारी व लोडिंग वाहनों का प्रतिबंध

विदिशा तिराहा से सुभाषगंज एवं स्टेशन की ओर जाने वाले मार्ग पर समस्त भारी वाहन, ट्रैक्टर एवं लोडिंग वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। वाहन चालकों से निर्धारित वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करने की अपील की गई है। इसी प्रकार स्टेशन रोड एवं सुभाषगंज की ओर जाने वाले लोडिंग वाहन, ट्रैक्टर आदि वाहनों को सुराना चैराहा एवं इंद्रा पार्क होते हुए निर्धारित वैकल्पिक मार्ग से संचालित किया जाएगा।

इंद्रा पार्क- गांधी पार्क मार्ग पर विशेष डायवर्जन

गणेश चतुर्थी के दौरान इंद्रा पार्क से गांधी पार्क की ओर जाने वाले चार पहिया वाहन, ट्रैक्टर एवं लोडिंग वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। इन वाहनों को सुराना चैराहा एवं पठार होते हुए निर्धारित वैकल्पिक मार्ग से भेजा जाएगा। यह व्यवस्था बाजार एवं गांधी पार्क क्षेत्र में अनावश्यक यातायात दबाव को कम करने तथा आमजन के आवागमन को सुगम बनाने के उद्देश्य से लागू की गई है।



बाजार आने वाले वाहनों के लिए निर्धारित पार्किंग व्यवस्था

गणेश चतुर्थी पर खरीदारी एवं अन्य आवश्यक कार्यों से बाजार आने वाले नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वाहनों की पार्किंग के लिए मिलन तिराहा पेट्रोल पंप के पास स्थित चिन्हित ग्राउंड में पार्किंग व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त यातायात पुलिस द्वारा निम्न क्षेत्रों के पास पार्किंग हेतु ग्राउंड चिन्हित किए गए हैं,स्टेशन क्षेत्र,सुभाषगंज क्षेत्र,मिलन तिराहा पेट्रोल पंप के पास स्थित ग्राउंड,नागरिकों से अपील है कि अपने वाहन निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े करें, जिससे मुख्य मार्गों पर यातायात बाधित न हो।

गांधी पार्क की ओर जाने वाले चार पहिया वाहनों की व्यवस्था

एफओबी क्षेत्र से गांधी पार्क की ओर जाने वाले चार पहिया वाहनों को मिलन तिराहा होते हुए मिलन तिराहा पेट्रोल पंप के पास चिन्हित पार्किंग ग्राउंड में पार्क किया जा सकेगा। गणेश चतुर्थी पर्व के दौरान आमजन की सुविधा एवं सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अशोकनगर यातायात पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड्स, मार्ग डायवर्जन एवं पार्किंग संबंधी निर्देशों का पालन करें। वाहन चालक निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें तथा अपने वाहन निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही पार्क करें। यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें और स्वयं के साथ-साथ अन्य राहगीरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखें। सुगम यातायात, सुरक्षित आवागमन, पर्व की खुशियों के साथ जिम्मेदारी भी निभाएं।

चंदेरी में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया



चंदेरी। जिले के प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में शनिवार को चंदेरी में भी लोक अदालत का आयोजन किया गया इसका उद्देश्य आम जन को सुलभ त्वरित और सुगम न्याय व्यवस्था उपलब्ध कराना था। न्यायालय चंदेरी में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमे जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश वीरेन्द्र वर्मा, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड चंदेरी महेन्द्र सिंह, एवं व्यवहार-नयायाधीश प्रथम वरिष्ठ खंड अदिती कैथवास एवं समस्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे। जिला अपर न्यायाधीश वीरेन्द्र वर्मा के न्यायालय में आपसी समझौते के आधार पर हिन्दू विवाह अधिनियम के 07 प्रकरणों का निराकरण आपसी सहमती के आधार पर विवाद समाप्त कर पक्षकारों को माला पहनाकर राजीनामा कराया गया। तथा विद्युत के चार प्रकरणों का निराकरण किया गया एवं प्रिलिटिगेशन एवं लिटिगेशन के 25 प्रकरणों का पराक्रम्य समझौते के आधार पर किया गया जिसमे 11,20,226 की वसूली की गई। नगर पालिका के 4 लाख 81 हजार रुपये को भवन कर एवं जल कर के रूप में राशि जमा की गई। न्यायालय में एक संवेदनशील पारिवारिक विवाद का निराकरण किया गया जिसमें पति-पत्नी को समझाने पर बरसों से लंबित मामले को सुलझाया गया पति-पत्नी दोनों राजी खुशी फूल माला पहनकर खुशी-खुशी घर गए।

जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले की चंदेरी पुलिस ने ग्राम रक्तेरा निवासी पूरन आदिवासी के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की चंदेरी पुलिस ने भांडरी निवासी भैयासाब लोधी के पास से 8 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। जिले की शाढ़ौरा पुलिस ने ग्राम कैथाई निवासी प्रदूमन केवट के पास से 10 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की सेहराई पुलिस ने सेहराई निवासी दीपक मोगिया के पास से 5 लीटर तथा कचनार पुलिस ने बेरखेडी निवासी दिलीप केवट के पास से 5 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

श्वेतांबर जैन समाज के पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व भक्ति भाव से मनाया जा रहा है

भगवान महावीर के जन्म से दीक्षा तक के वर्णन पर डाला प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

श्री श्वेतांबर जैन समाज के पर्वधिराज पर्युषण महापर्व बड़े ही भक्ति भाव से बनाए जा रहे, जिसके अंतर्गत नित्य प्रतिक्रमण, प्रार्थना, अभिषेक, प्रवचन एवं पूजन आरती भक्ति एवं धार्मिक कार्यक्रम श्रावक जी के सानिध्य में हो रहे हैं। यह पर्युषण पर्व का छटवा दिन था

पर्वधिराज पर्युषण महापर्व के छटे दिवस कल्प सूत्र में भगवान महावीर स्वामी के जन्म से लेकर दीक्षा तक का वर्णन श्रावक जी द्वारा किया गया। उन्होने बताया कि कल्पसूत्र में हम भगवान



महावीर स्वामी के जीवन का विस्तृत वर्णन सुनते हैं एवं इसके अंदर भगवान के दिव्य आदर्श चरित्र सुनते हैं। इस वचन के माध्यम से हमें भगवान महावीर स्वामी के जन्म त्याग तपस्या ज्ञान और मोक्ष की ओर अग्रसर होने यात्रा का श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त होता है।

भगवान महावीर स्वामी के जन्म के उपरांत 63 दिकुमारिया 64 इंद्र असंख्य देवों के साथ मेरु पर्वत की शिखर पर एक भव्य एवं दिव्य जन्मोत्सव का आयोजन करते हैं। संपूर्ण लोक मंगलमय वातावरण से गूंज उठता है और प्रभु के जन्म का उल्लास देव गणों द्वारा अनंत आनंद के साथ मनाया जाता है। श्रावक आगे कहते हैं कि प्रभु वीर ने दीक्षा के बाद अनेकों उपसर्ग झेले जैसे कटपूतना व्यंतर का उपसर्ग, शूलपड़ी का उपसर्ग, संगम देव का उपसर्ग आदि यह सब उनकी त्याग और तपस्या की परीक्षा थी, जिन्हें उन्होंने समभाव से सहन किया।

भगवान महावीर के जीवन के प्रेरक प्रसंग का वर्णन किया गया

भगवान महावीर के जीवन का अत्यंत प्रेरक प्रसंग है चडकौशिक का वर्णन यह कथा हमें सिखाती है कि क्रोध और अहंकार न केवल हमारी शांति छीन लेता है बल्कि हमे ही अंततः पतन की ओर ले जाता है, प्रभु महावीर ने इस प्रसंग से यह संदेश दिया है कि समभाव और क्षमा ही सच्ची शक्ति है। आज के वाचन से हमें प्रभु महावीर के जीवन से अनेक शिक्षा लेनी चाहिए। उन्होंने हमें सत्य अहिंसा अपरिग्रह और आदर्श तथा सैद्धांतिक जीवन जीने का मार्ग दिखाया है उनके जीवन से हम सीखते हैं कि सिद्धांतों पर अडिग रहा भी पूर्ण शांति और करुणा के साथ जिया जा सकता है। प्रवचन से पूर्व पालने के लाभार्थी राजेन्द्र कोचर के निज निवास से गाजे बाजे एवं श्रावक जी के सानिध्य में एवं श्री संघ की उपस्थिति में भगवान महावीर स्वामी का पालना एवं स्वप्न जी को लेकर पुनः मंदिर जी में आगमन हुआ।

दोपहर में हुई पंच कल्याणक महा पूजन

श्रावक जी के सानिध्य में दोपहर को श्री शांति स्नात्र पूजन एवं पंच कल्याणक पूजन का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें विशेष रूप से बच्चों ने पूजा का धर्म लाभ लिया, पंच कल्याणक पूजन के लाभार्थी दीपेश कुमार आदिश कुमार अवॉड परिवार ने लिया एवं प्रवचन के पश्चात प्रभावना का लाभ राजमल नितिन कुमार धीर कोठारी परिवार ने लिया।

आरोपी से 10 लाख 50 हजार रुपये नकद व मोबाइल फोन जब्त किया

फर्म के खातों में हेराफेरी व कूटरचना कर लाखों की धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

जिला राजगढ़ में धोखाधड़ी एवं आर्थिक अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा ऐसे अपराधों में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के लिए चलाए जा रहे है। अभियान अंतर्गत पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे एवं एसडीओपी ब्यावरा प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में थाना ब्यावरा (देहात) पुलिस द्वारा फर्म के खातों में हेराफेरी एवं कूटरचना कर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है।

पुलिस के मुताबिक सिद्धांत पिता विनीत कुमार गुप्ता, उम्र 35 वर्ष, निवासी सेठ एंड संस टाटा मोटर्स शोरूम, ए.बी. रोड, गुना'' द्वारा थाना ब्यावरा (देहात) में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उनकी फर्म के ब्यावरा स्थित



टाटा मोटर्स शोरूम में ''सेल्स एग्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत संजय कुमार पिता कैलाश नारायण सक्सैना'' निवासी पानिया पचोर द्वारा फर्म के अकाउंट में हेराफेरी एवं कूटरचना कर फर्म की राशि में गबन धोखाधड़ी की गई है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना ब्यावरा (देहात) में ''अपराध क्रमांक 298/2026, धारा 318(4), 316(5), 338, 336(3), 340(2) बीएनएस'' के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए तत्काल विशेष टीम गठित कर आरोपी की तलाश प्रारंभ की गई।

इसी दौरान रविवार को विश्वसनीय मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा ''पचोर रेलवे स्टेशन के सामने जोड़'' पर दबिश देकर आरोपी ''संजय कुमार सक्सैना'' को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा घटना के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी का खुलासा किया गया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही एवं कब्जे से धोखाधड़ी से संबंधित ''10 लाख 50 हजार रुपये नगद'' तथा घटना में प्रयुक्त ''मोबाइल फोन'' जप्त किया गया। आरोपी को विधिवत माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

पांच बच्चे डूबे थे, दो अन्य बच्चे गंभीर व एक सुरक्षित है

सीलखेड़ा बारी तालाब में दो सगे भाइयों की डूबने से मौत, ग्रामीण युवक ने निकाला बच्चों को बाहर



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा/लखनवास

समीपस्थ सीलखेड़ा गांव के बारी तालाब में एक बेहद दर्दनाक हादसा सामने आया है। तालाब में नहाने गए पांच बच्चों में से दो सगे भाइयों की डूबने से मौत हो गई। मृतक पहचान विजय और आजाद वर्मा के रूप में हुई है। पिता के तीन बेटों में से दो की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। जानकारी अनुसार ज्ञानसिंह मेवाड़े निवासी सीलखेड़ा तालाब साइट कहीं से आ रहे थे, तभी एक बुजुर्ग ने आवाज लगाई कि तालाब में बच्चे डूब गए हैं। इस पर ज्ञानसिंह ने बिना देर किए तुरंत तालाब में छलांग लगा दी और



एक-एक कर सभी बच्चों को बाहर निकाला। इसके बाद वे खुद की गाड़ी से सभी घायल बच्चों को ब्यावरा सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। हालांकि अस्पताल पहुंचने पर दो बच्चों की जान नहीं बच सकी, लेकिन उनका यह सराहनीय कार्य है। दो अन्य बच्चे गंभीर हैं,एक सुरक्षित है। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

कई वर्षों पहले लोदीपुरा में भी हुआ था ऐसा हादसा

इसी तरह की घटना कई वर्ष पहले लोदीपुरा के तालाब में भी हुई थी, जहां लखनवास के तीन बच्चे नहाने गए थे और तीनों की डूबने से मौत हो गई थी। गांव वालों ने प्रशासन से अपील की है कि बारी तालाब सहित सभी गहरे तालाबों पर तार फेंसिंग और चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं। ग्रामीणों ने बताया कि तालाबों से जेसीबी से अवैध मुरम खनन के कारण गहरे गड्ढे बन जाते हैं, जिसका बच्चों को पता नहीं चलता और वे हादसे का शिकार हो जाते हैं। इसका भी उचित समाधान किया जाए

चोरों का तांडवः दीवार में सेंध लगाकर दो घरों में चोरी, ग्रामीणों में दहशत, पुलिस गश्त की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

लखनवास के ग्रामीण क्षेत्रों में चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। शनिवार की दरमियानी रात चोरों ने ग्राम कानरखेड़ी को निशाना बनाते हुए दो घरों में सेंधमारी की और नकदी-जेवर सहित सामान लेकर फरार हो गए।

महज 20 दिन पहले पास के गांव पालड़ी गुसाई में एक ही रात पांच घरों में हुई चोरी के बाद, अब कानरखेड़ी में हुई इस वारदात से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार रात अज्ञात चोरों ने संतोष पूरी पिता जगदीश पूरी और सुरेश पूरी पिता प्रेम पूरी के घरों को निशाना बनाया। चोर पीछे खेत के रास्ते से पहुंचे और दोनों मकानों की पिछली दीवार में छेद बनाकर अंदर दाखिल हुए। पीड़ति संतोष पूरी के घर से चोर







लगभग एक लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात समेट कर ले गए। वहीं, पास ही स्थित सुरेश पूरी के घर में दाखिल होकर चोर कपड़ों और सामान से भरी पेटी ही उठा ले गए।रविवार सुबह जब परिजनों और ग्रामीणों को वारदात का पता चला, तो गांव में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया।

इलाके में चोरी का खौफ, रात में पुलिस गश्त की मांग- करीब 20 दिन पहले पालड़ी गुसाई में पांच घरों के ताले टूटे थे, और अब कानरखेड़ी में हुई इस घटना ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। लगातार हो रही वारदातों से लोगों में असुरक्षा की भावना घर कर गई है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में रात के समय पुलिस गश्त नियमित रूप से शुरू की जाए ताकि आगे ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके और चोरों को जल्द गिरफ्तार किया जा सके ।

सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को लेकर चिंतामणि ईश्वर महादेव मंदिर विकास समिति की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

नगर की धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाएं समाज में नैतिक मूल्यों, मानवीय सेवा और सांस्कृतिक एकता की भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इसी क्रम में श्री चिंतामणि ईश्वर महादेव मंदिर विकास समिति द्वारा मंदिर परिसर के विकास एवं आगामी व्यवस्थाओं को लेकर देवकुआं मंदिर परिसर में आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विष्णु प्रसाद जोशी ने की। शुभारंभ श्री चिंतामणेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। बैठक में विश्व प्रसिद्ध सिंहस्थ उज्जैन-2028 के परिप्रेक्ष्य में मंदिर परिसर में आवश्यक व्यवस्थाओं एवं निर्माण कार्यों पर विचार-विमर्श किया गया।

समिति ने परिसर में 18×14 फीट के हॉल का निर्माण कराने का निर्णय लिया। हॉल का निर्माण प्रतिष्ठित कपड़ा व्यापारी कांतिलाल सूरजमल चैधरी एवं संचालक अनूप चैधरी द्वारा अपने माता-पिता की स्मृति में कराया जाएगा। वहीं समिति द्वारा जनसहयोग से भोजनशाला का निर्माण भी कराया जाएगा। समिति अध्यक्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर सर्वसम्मति से विष्णु प्रसाद जोशी को पुनः आगामी तीन वर्षों के लिए अध्यक्ष




चुना गया तथा नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस अवसर पर महादेव मित्र मंडल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जितेंद्र सोलंकी का साफा बांधकर सम्मान किया गया। बैठक के बाद समिति सदस्यों ने मंदिर परिसर में पीपल का पौधा रोपित कर ट्री गार्ड लगाकर उसकी सुरक्षा की।इस दौरान बैठक में उपस्थित वरिष्ठ रामनारायण टेटवाल, नंदकिशोर सोनी, जय हिंद प्रकाश दुबे, ओमप्रकाश राठी,लक्ष्मी नारायण त्रिकार, प्रेम नारायण पुष्पद, शिव सिंह चैहान, रमेश चंद महेश्वरी, ओम प्रकाश पुष्पद, महेश पाटीदार, अशोक साहू, वल्लभ सोनी, भूपेंद्र जोशी, रमेश चंद गुजरिया, शिवनारायण मालवी, कैलाश पुष्पद, पुजारी हरीश पुरी, आदि ने बैठक पश्चात परिसर में पीपल के पौधे का रोपण किया जिसे ट्री गार्ड लगाकर सुरक्षित भी किया।

एनडीडीबी आनंद में पांच दिवसीय मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण में डॉ. शाक्य सम्मानित

आधुनिक पशुपालन तकनीक, पशु पोषण व दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के उपायों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

मध्यप्रदेश पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अधिकारियों ने राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी), आनंद (गुजरात) में आयोजित पांच दिवसीय मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहभागिता की। प्रशिक्षण 7 से 11 सितंबर 2026 तक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड सारंगपुर, जिला राजगढ़ के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित शाक्य भी शामिल हुए, जिन्हें प्रशिक्षण के दौरान सम्मानित किया गया।प्रशिक्षण में विशेषज्ञों द्वारा पशु पोषण, पशु प्रबंधन, प्रजनन तकनीक, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के उपाय तथा डेयरी सहकारी मॉडल सहित विभिन्न विषयों पर सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक जानकारी दी गई। अधिकारियों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक पशुपालन तकनीकों के साथ डेयरी



क्षेत्र में सहकारी ढांचे की कार्यप्रणाली से भी अवगत कराया गया। डॉ. शाक्य ने बताया कि प्रशिक्षण उनके लिए अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक रहा। प्रशिक्षण से प्राप्त तकनीकी ज्ञान एवं अनुभव का उपयोग मैदानी स्तर पर पशुपालकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने, उनकी आय बढ़ाने तथा दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहित करने में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक पशुपालन पद्धतियों की जानकारी पशुपालकों तक पहुंचने से पशुपालन को अधिक लाभकारी बनाया जा सकता है। एनडीडीबी का यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पशुपालन एवं डेयरी क्षेत्र में आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक प्रबंधन को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल रहा।

धाकड़ समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर जिला स्तरीय बैठक संपन्न

सामाजिक कार्यक्रम एकता और फिजूलखर्ची रोकने सामूहिक विवाह को बढ़ावा देने पर दिया गया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

आदर्श धाकड़ समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर रविवार को भैंसवामाता में जिला स्तरीय सम्मेलन समिति की बैठक आयोजित हुई। इसमें समाज के पदाधिकारियों, समिति सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों ने सामूहिक विवाह सम्मेलन को बढ़ावा देने, समाज को संगठित करने और विवाह समारोहों में होने वाली फिजूलखर्ची रोकने को लेकर विचार-विमर्श किया। जिला सम्मेलन समिति अध्यक्ष उमराव सिंह नागर ने कहा कि सामूहिक विवाह जरूरतमंद परिवारों के लिए उपयोगी पहल है। इससे अनावश्यक खर्च कम होने के साथ समाज में आपसी सहयोग और भाईचारा भी बढ़ता है। समाज जिलाध्यक्ष हेमराज



नागर ने एकता और सामाजिक समरसता को मजबूत करने की आवश्यकता बताई। युवा संघ जिलाध्यक्ष रामगोपाल नागर ने युवाओं से सक्रिय भागीदारी की अपील की। राजेश भंडारी ने भी सामूहिक विवाह की परंपरा को आगे बढ़ाने पर जोर दिया।

तीन स्थानों पर आयोजन की सहमति

बैठक में जिले में सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए खुजनेर-भीलखेड़ा जोड़, अरनिया माताजी एवं छापीहेड़ा स्थानों पर आयोजन की सहमति बनी। आगामी दिनों में समाजजनों से संपर्क और आयोजन की व्यवस्थाओं को लेकर रूपरेखा तैयार की जाएगी। बैठक में देवनारायण नागर, देवकरण नागर, भागीरथ नागर, गिरवर भंडारी, दिनेश नागर, नानूराम नागर, प्रेमनारायण नागर, दुर्गेश नागर, रामगोपाल पटेल, सुरेश नागर, ललित नागर सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

महिलाओं के समूह ने लोगों को जागरुक करने के लिए की खास पहल

महिला समूह ने मिट्टी की मूर्ति बनाकर लोगों को दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

गणेशोत्सव के दौरान पर्यावरण बचाने के लिए महिलाओं के एक समूह ने खास पहल शुरू की है। ये महिलाएं मिट्टी से गणेश प्रतिमाएं बनाती हैं। कोरोना महामारी के बाद साल 2023 में महिलाओं ने पीओपी की मूर्तियों की जगह मिट्टी की प्रतिमाएं बनाने और लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरुक करने का फैसला किया था। यह पहल अब लगातार जारी है। हर साल गणेशोत्सव से पहले महिलाएं करीब 100 मिट्टी की गणेश प्रतिमाएं तैयार करती हैं।

ये प्रतिमाएं लोगों को दी जाती हैं, ताकि ज्यादा से ज्यादा परिवार पर्यावरण के हिसाब से गणेशोत्सव मना सकें। इस साल भी समूह की महिलाओं ने मिलकर करीब 100 मिट्टी की प्रतिमाएं बनाई हैं। इन्हें अलग-अलग घरों में रखा जाएगा। इस पहल की खास बात यह है कि मूर्तियों का विसर्जन नदी, तालाब या दूसरे



जल स्रोतों में नहीं किया जाता। गणेशोत्सव के बाद घर में ही गमले या किसी बर्तन में मूर्ति का विसर्जन होता है। मिट्टी घुलने के बाद उसी मिट्टी का इस्तेमाल पौधे लगाने में किया जा सकता है। महिलाओं का कहना है कि इससे धार्मिक परंपरा भी पूरी होती है और जल स्रोतों को प्रदूषण से बचाने में भी मदद मिलती है। महिलाएं लोगों को यह संदेश भी दे रही हैं कि गणेशोत्सव में पीओपी की मूर्तियों की जगह प्राकृतिक मिट्टी से बनी मूर्तियों को पहले नंबर पर रखा जाए। उनका मानना है कि अगर बड़ी संख्या में परिवार इस छोटी-सी पहल को अपनाते हैं, तो पर्यावरण बचाने में इसका बड़ा फर्क पड़ सकता है।

अन्य महिलाओं ने भी ली सीख

इस अभियान से सीख लेकर दूसरी महिलाएं भी मिट्टी की प्रतिमाएं बनाने और घर में ही विसर्जन करने की पहल शुरू कर रही हैं। मूर्तियां बनाने में वर्षा मंगल, प्रीति गौतम, रीना चैधरी, रिंकू सुनेरी, मंजू आर्य, वर्षा गौड़, इशिका, हर्षिता और अन्य महिलाओं ने मदद की। महिलाओं ने कहा कि पर्यावरण बचाने का यह अभियान आगे भी चलता रहेगा। आने वाले सालों में ज्यादा परिवारों को इससे जोड़ने की कोशिश की जाएगी।

अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई

उत्कृष्ट पुलिसिंग के लिए सारंगपुर थाना प्रभारी उप निरीक्षक राहुल रघुवंशी को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

जिले में अपराध नियंत्रण एवं आगामी त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर शनिवार को पुलिस कंट्रोल रूम राजगढ़ में पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी की अध्यक्षता में अपराध समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले के एसडीओपी, थाना प्रभारी एवं पुलिस कार्यालय की विभिन्न शाखाओं के प्रभारी उपस्थित रहे। एसपी ने लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण, गंभीर अपराधों में प्रभावी कार्रवाई, फरार एवं वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी, चोरी व संपत्ति संबंधी अपराधों के खुलासे तथा महिला अपराधों की संवेदनशीलता के साथ विवेचना के निर्देश दिए। साथ ही स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी और न्यायालयीन प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग पर जोर दिया।आगामी त्योहारों को देखते हुए संवेदनशील क्षेत्रों में सघन पेट्रोलिंग, निगरानी और असामाजिक तत्वों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। एसपी ने जनसहयोग से बाजार, चैराहों और प्रमुख स्थानों पर



सीसीटीवी नेटवर्क मजबूत करने तथा तकनीक आधारित पुलिसिंग को बढ़ावा देने की बात कही। बैठक में उत्कृष्ट पुलिसिंग के लिए सारंगपुर थाना प्रभारी उप निरीक्षक राहुल रघुवंशी को आरोपी की जमानत निरस्त करवाने संबंधी प्रभावी कार्रवाई के लिए प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। एसपी ने कहा कि लापरवाही एवं अनुशासनहीनता पर सख्त कार्रवाई होगी और पुलिसिंग को पारदर्शी, जवाबदेह एवं जनोन्मुखी बनाया जाएगा।